# सराहनीय कार्य - दिनांक 17-07-2021

# शोरूम से कर्मचारी ने चुराए गहने और नगदी



**गजियाबाद।** सिहानी गेट के नेहरू नगर स्थित ज्वेलर्स के शोरूम के कर्मचारी ने ही नगदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिये। शक जताने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। शुरुआत में वह गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती दिखाने पर उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के मुताबिक 15 जुलाई को नेहरू नगर स्थित दीपाली ज्वेलर्स के शोरूम से नगदी व जेवर चोरी हो गए थे। शोरूम मैनेजर श्रवण सिंह ने सिहानी गेट थाने में तहरीर दी थी। ब्यूरो

# नौकर ने की थी ज्वैलरी के शोरूम में चोरी, गिरफ्तार

## शिकंजा

## कार्रवाई

- दस हजार रुपये नगद के अलावा 220 ग्राम चांदी बरामद
- शोरूम के प्रबंधक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था

गाजियाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

नेहरू नगर स्थित दीपाली ज्वैलरी के शोरूम में हुई चोरी का सिहानी गेट कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में शोरूम में काम करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से साढ़े दस हजार रुपये नगद के अलावा 220 ग्राम चांदी बरामद किया है।

आरोपी की पहचान पश्चिमी मिदनापुर पश्चिम बंगाल के रहने वाले गोपाल संतरा के रूप में हुई है। सिहानी गेट कोतवाल कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि गुरुवार को शोरूम प्रबंधक श्रवण सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें उन्होंने शोरूम में काम करने वाले नौकर गोपाल पर शक जाहिर किया था। ऐसे में पुलिस ने जांच पड़ताल की और आरोपों की पुष्टि के बाद शुक्रवार की सुबह आरोपी गोपाल को पुराना बस अड्डा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नौकर ने पुलिस की पूछताछ में वारदात को कबूल करते हुए बताया कि उसने लालचवस इस वारदात को अंजाम दिया है।

# त्योहारों पर सुरक्षा चौकस रहेगी

## तैयारी

गाजियाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

आगामी त्योहारों और सावन के महीने को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस शहर में सुरक्षा इंतजामों का खाका तैयार करने में जुट गई है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम एडीजी प्रशांत कुमार, आईजी प्रवीण कुमार और डीआईजी अमित पाठक ने पुलिस बल के साथ नगर कोतवाली क्षेत्र में पेट्रोलिंग की। इस दौरान खासतौर पर दूधेश्वर नाथ मंदिर पहुंच कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित पाठक ने बताया कि फुट पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के अलावा अन्य अधीनस्थ अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद थे। इन सभी को त्योहार के दौरान चौकसी, पेट्रोलिंग और सर्विलांस के बारे में बारीकी से जानकारी देते हुए सभी को अभी से काम पर जुट जाने को कहा है।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए भी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वहीं सड़कों पर यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को निर्देश गया है। जीआरपी ने भी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग शुरू कर दी है। शुक्रवार को जीआरपी ने डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड के साथ स्टेशन परिसर में जांच पड़ताल की।

### इंतजाम

- एडीजी, आईजी और डीआईजी ने पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग की
- दूधेश्वर नाथ मंदिर पहुंच कर इंतजामों का जायजा लिया

### कांवड़ यात्रा की रणनीति बनाने में जुटी पुलिस

शासन से भले ही अभी तक कांवड़ यात्रा के संबंध में जिलास्तर पर कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं, लेकिन पुलिस ने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी है। खासतौर पर कांवड़ यात्रा के रूट तय करने के साथ ही इस रूट पर व्यवधान हटाने की कवायद शुरू हो गई है।

# वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार

**ट्रांस हिंडन।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने शुक्रवार को कोयल एंक्लेव सोसाइटी के पास से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भोपुरा निवासी मोनू व लोनी में रहने वाले अनहर खान के रूप में की है। एसपी ट्रांस हिंडन ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# गैंगस्टर और शराब तस्कर गिरफ्तार

**मोदीनगर।** भोजपुर थाना प्रभारी प्रभात दीक्षित ने बताया कि गुरुवार रात को सूचना मिली कि एक गैंगस्टर बदमाश क्षेत्र में किसी लूट की वारदात करने के इरादे से घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबांदी कर गैंगस्टर को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम नजाकत अली निवासी त्यौड़ी बिस्वा 7 बताया है। इसके अलावा कमल सिंह को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# जन्मदिन की पार्टी में चाकू चले, 4 दोस्त गिरफ्तार

**वस, साहिबाबाद :** दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी कर रहा युवक केक कटने से पहले हवालात पहुंच गया। घटना साहिबाबाद थाना क्षेत्र के मोहन नगर की है। पुलिस ने झगड़ा करने और चाकू चलाने में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नागेंद्र चौबे ने बताया कि मामले में भेंस बहादुर, युवराज थापा, राज कोरी और मोनू थापा को गिरफ्तार किया गया है। सभी पर शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से नेपाल में रहने वाला भेंस बहादुर एक मेडिकल कंपनी में जॉब करता है। गुरुवार को उसका जन्मदिन था। उसने मोहन नगर में पार्टी रखी थी। इसमें भेंस बहादुर का एक दोस्त अपने मित्र राज कोरी को ले गया। नशे में डांस करते हुए उनमें झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ने पर उनमें मारपीट होने लगी। आरोप है कि इस दौरान राज कोरी ने चाकू भी चलाया, जो एक युवक को लगा।

# शोरूम में चोरी करने वाला अरेस्ट

वस, गाजियाबाद : जूलरी शोरूम से कैश और चांदी के गहने की चोरी के आरोपित कर्मचारी को सिहानी गेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 हजार रुपये कैश और 220 ग्राम चांदी बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित का नाम गोपाल संतरा है। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। वह नेहरूनगर के दीपाली जूलर में काम करता था। मामले में मैनेजर की तरफ से गुरुवार को शिकायत दी गई थी जिसमें गोपाल पर शक जाहिर किया गया था। जांच के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : थाना क्षेत्र के पुरपुर्सी से गांव से एक युवक कक्षा 11 की छात्रा को अपहरण कर ले गया। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया है। थाना क्षेत्र के मुराद पुरपुर्सी गांव निवासी कक्षा 11 की छात्रा को मेरठ के खरखोदा निवासी एक युवक अपहरण कर ले गया। परिवारवालों ने काफी तलाश किया लेकिन सुराग नहीं लग सका।

# एडीजी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

## दूधेश्वरनाथ मंदिर

**जासं, गाजियाबाद :** आगामी श्रावण मास के दौरान दूधेश्वरनाथ मंदिर में होने वाले जलाभिषेक को लेकर शुक्रवार शाम एडीजी मेरठ जोन राजीव सभरवाल व आइजी प्रवीण कुमार ने एसएसपी अमित पाठक व एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में व बाहर श्रद्धालुओं की पंक्ति इस तरह से लगवाई जाए कि शारीरिक दूरी के नियम का पालन हो सके।

इसके साथ ही जीटी रोड पर यातायात प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में बनने वाले सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोलरूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए और सावन मास के सोमवार, शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि से बातचीत करते एजीडी मेरठ जोन राजीव सभरवाल, आईजी मेरठ रेंज प्रवीण कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी ● जागरण

# डाकघर घोटाले में फरार चार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गाजियाबाद :** डाकघर घोटाले में सीबीआइ ने चार फरार आरोपितों को गिरफ्तार कर विशेष अदालत ने पेश किया। अदालत ने चारों को जेल भेजने के आदेश दिए। लोक अभियोजक ने बताया कि गाजियाबाद के नवयुग मार्केट व मोदीनगर डाकघर में वर्ष 2010 में घोटाला हुआ था। डाक कर्मचारियों ने खाताधारकों की फर्जी आइडी तैयार कर उनके खाते से रकम निकाल ली थी। यह घोटाला करीब एक करोड़ रुपये का था। मामला संज्ञान में आने पर वर्ष 2017 में सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद सीबीआइ ने सात आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। इसके बाद कुछ आरोपितों ने अदालत में सरेंडर किया। विशेष अदालत ने फरार आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी किए थे, लेकिन आरोपित पेश नहीं हुए। बृहस्पतिवार को सीबीआइ ने आरोपित असिस्टेंट पोस्ट मास्टर जहीरूद्दीन, पोस्टल एजेंट दीपक गर्ग, उसकी पत्नी पायल गर्ग व रविंद्र को गिरफ्तार किया।

# ज्वेलरी शोरूम में चोरी, कर्मचारी गिरफ्तार

**जासं, गाजियाबाद** : सिहानी गेट थानाक्षेत्र के अंबेडकर रोड स्थित दीपाली ज्वेलर्स के शोरूम से चोरी करने वाले आरोपित कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से शोरूम से चुराए गए साढ़े 10 हजार रुपये और 220 ग्राम चांदी बरामद की गई है। सिहानी गेट थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई को अंबेडकर रोड स्थित दीपाली ज्वेलर्स के मैनेजर श्रवण सिंह ने अपने ही शोरूम के कर्मचारी गोपाल पर शक जाहिर करते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपित गोपाल संतरा निवासी दीनागढ़ी को बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह नकदी और जेवर लेकर भागने की फिराक में था। आरोपित सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुआ था।